# कालीन निर्यात संवर्धन परिषद
# CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL

*(Set up by Ministry of Textiles, Govt of India)*

**Registered Office:** Shree Jee Complex, Shop No T3, Sharma Market, Harola, NOIDA, (U.P.)
**Working Office:** 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
**Tel.:** +91-11-23364716, 23364717, **Website:** www.cepc.co.in, **E-Mail :** info@cepc.co.in
**Regional Office:** Bypass Road, Hariyawan, Bhadohi, Uttar Pradesh - 221401
**Regional Office:** IICT Campus, Baghi Ali Mardan Khan, Nowshera, Srinagar - 190011 (J & K)
**Website of Ministry of Textiles:** www.texmin.nic.in


## प्रेस विज्ञप्ति

8 जनवरी 2021

## जागरूकता वेबिनार - RoDTEP योजना के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रिया

आज, दिनांक 8 जनवरी, 2021 को कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने RoDTEP योजना के कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर एक जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया। कार्यालय प्रधान आयुक्त कस्टम, की 1 जनवरी 2021 की सार्वजनिक सूचना नंबर 01/2021 के अनुसार 1 जनवरी 2021 से RoDTEP योजना के कार्यान्वयन की घोषणा की गई हैं । हालांकि RoDTEP दरें अभी घोषित नहीं की गई हैं। सदस्य निर्यातक योजना के बारे में चिंतित हैं और इसे समझना चाहते हैं। इसको संज्ञान मे लेते हुए श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने RoDTEP योजना के कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर जागरूकता वेबिनार आयोजित करने की सलाह दी ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री उमर हमीद, द्वितीय उपाध्यक्ष, श्री अब्दुल रब, श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, श्री हुसैन जाफर हुसैनी, श्री संजय कुमार गुप्ता, श्री श्रीराम मौर्य, सदस्य प्रशासनिक समिति, श्री ललित गोयल, अध्यक्ष, पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, श्री संजय कुमार, अधिशासी निदेशक, सीईपीसी ने वेबिनार में भाग लिया।

श्री सिद्ध नाथ सिंह जी ने श्री गगनदीप सिंह, आईटीएस जो सोमवार से डिप्टी डीजीएफटी वाराणसी का पदभार ग्रहण करेंगे और श्री हसन अहमद, आईआरएस, ओएसडी , ड्रॉबैक डिवीजन और RoDTEP योजना को भी देख रहे, का वर्चुअल गुलदस्ते से स्वागत किया ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने अपने स्वागत भाषण में श्री गगनदीप सिंह और श्री हसन अहमद को कालीन उद्योग के लिए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया और उल्लेख किया कि आज का वेबिनार हमारे उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत सरकार ने MEIS स्कीम को बंद कर दिया है और 1 जनवरी 2021 से नई RoDTEP स्कीम की घोषणा की है, नई योजना की दरों की घोषणा अभी नहीं हुई हैं तथा सदस्य निर्यातक इस योजना को समझना चाहते हैं।

श्री सिद्ध नाथ सिंह ने अपने कंसल्टेंट एन.के. चोपड़ा और श्री पंकुष अरोड़ा, का स्वागत किया और धन्यवाद दिया जिनहोने रोडटेप डाटा तयार किया हैं।  परिषद पिछले डेढ़ साल से इस योजना के लिए काम कर रही है परिषद ने सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह ने बताया कि RoDTEP समिति की पिछली मीटिंग मे समिति के अध्यक्ष श्री जी के पिल्लई ने उल्लेख किया था कि "कालीन उद्योग हमारे दिल के बहुत करीब है", श्री पिल्लई ने कालीन उद्योग को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया हैं । श्री सिद्ध नाथ सिंह ने आशा व्यक्त की कि कालीन उद्योग को RoDTEP योजना के तहत बेहतर दरे मिलने की उम्मीद हैं ।

श्री गगनदीप सिंह, डिप्टी डीजीएफटी, वाराणसी, ने RoDTEP योजना के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रिया पर एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया और RoDTEP योजना के मूल सिद्धांतो के बारे बताया, जो मूल रूप से केंद्र, राज्य और स्थानीय करो / लेवी की छूट है जो किसी अन्य ड्यूटी छूट के तहत वापस नहीं किए जाते हैं और हमारे उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने की योजना हैं । श्री गगनदीप ने RoDTEP योजना का लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे मे भी जानकारी दी और RoDTEP योजना का लाभ का लाभ उठाने के लिए निर्यातको को अपने शिपिंग एजेंट को स्पष्ट निर्देश देने का अनुरोध किया। श्री सिंह ने कहा की योजना का लाभ, दरों की घोषणा के बाद निर्यातकों के खाते में स्वतः ही क्रेडिट कर दिया जाएगा।

श्री हसन अहमद, ओएसडी, ड्राबैक विभाग ने बताया कि अभी भी दरों की घोषणा नहीं की गई है और निर्यातकों को योजना का लाभ लेने के लिए अपनी इच्छा वयक्त करना आवश्यक है। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने पहले ही बहुत व्यापक आंकड़े जमा कर दिये हैं और यह RoDTEP समिति के समक्ष विचाराधीन है और बहुत जल्द दरों की घोषणा की उम्मीद है।

श्री हसन अहमद ने वेबिनार में सदस्यों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया।

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अधिशासी निदेशक, श्री संजय कुमार ने सदस्यों को सूचित किया कि परिषद 27 से 31 जनवरी, 2021 तक होने वाले 41 वें इंडिया कार्पेट एक्सपो वर्चुअल प्रदर्शनी के आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार है । उन्होने सदस्यों को अपनी बुकिंग भेजने का अनुरोध किया । श्री संजय कुमार ने सदस्यों को यह भी बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन ब्यूरो के अधिकारियों के साथ चर्चा की और ब्यूरो इस वर्चुअल प्रदर्शनी मे भाग लेने वाले सदस्यो को भागीदारी शुल्क का 60% भरपाई के लिए सहमत हैं । अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के साथ एक बैठक में 90% भरपाई के लिए अनुरोध किया अधिकारियों ने सहमति व्यक्त की है जिसकी आधिकारिक अधिसूचना में का इंतज़ार हैं । श्री संजय कुमार ने आगे बताया कि उन्होंने जम्मू और कश्मीर सरकार के निदेशक हस्तशिल्प के साथ विचार-विमर्श किया और राज्य सरकार जम्मू और कश्मीर आधारित सदस्यों की भागीदारी के लिए 100% भरपाई कर रही हैं। परिषद राजस्थान और हरियाणा सरकार के साथ भी भागीदारी की भरपाई के लिए कदम उठा रही है ।

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के द्वितीय उपाध्यक्ष श्री उमर हमीद ने परिषद की ओर से औपचारिक धन्यवाद दिया । श्री उमर हमीद ने श्री गगनदीप सिंह, श्री हसन अहमद को RoDTEP योजना के बारे सदस्य निर्यातकों को शिक्षित करने के लिए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। श्री उमर हमीद ने वेबिनार के आयोजन के लिए कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, और अधिशासी निदेशक श्री संजय कुमार को धन्यवाद दिया। श्री उमर हमीद ने वेबिनार में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। श्री उमेर हमीद ने उल्लेख किया कि आज का वेबिनार बहुत जानकारीपूर्ण है और उम्मीद है कि सदस्य निश्चित रूप से इसका लाभ लेंगे।